झारखण्ड सरकार

# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
## हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com

पत्रांक : दिनांक:

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल,
हजारीबाग।

विषयः– **मेसर्स रामचन्द्र मेहता, कैप्टन आनन्द अर्पणा देवी द्वारा करमा स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट हेतु 14.17 हे0 वनभूमि के अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– **प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेश्रक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रॉंची का ज्ञापांक 623 दिनांक 28.07.2017 एवं मेसर्स रामचन्द्र मेहता, कैप्टन आनन्द अर्पणा देवी, कोडरमा का पत्रांक शुन्य दिनांक 11.09.2017।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि सरकार के उप सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिर्वतन विभाग झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक 3105 दिनांक 27.07.2017 द्वारा विषयगत प्रस्ताव पर तीन बिन्दुओं पर पृच्छा की गई थी। पृच्छाओं का निराकरण प्रतिवेदन प्रयोक्ता अभिकरण के पत्र दिनांक 11.09.2017 द्वारा समर्पित की गई है।

सरकार के सरकार के उप सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिर्वतन विभाग झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक 3105 दिनांक 27.07.2017 द्वारा तीन बिन्दुओं पर की गई पृच्छाओं के निराकरण की स्थिति निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | पृच्छा | अनुपालन |
|---|---|---|
| (क) | प्रस्ताव के पार्ट – I की कंडिका – B 2.4 में Component wise break up के कॉलम में तथा कंडिका – M- 1 (C) में खनन पट्टा के अंदर अवस्थित वनभूमि के रकवा में सुधार करने की आवश्यकता होगी। | पृच्छा के अनुपालानार्थ प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा आवश्यक सुधार कर संशोधित प्रस्ताव समर्पित किया गया है जिसमें Form A Part I की कंडिका B 2.4 Component wise break-up में माईनिंग क्षेत्र 12.14 हे0, प्रस्तावित पहुँच पथ 0.23 हे0 एवं सेफटी जोन 1.80 हे0 कुल 14.17 हे0 है। संशोधित प्रस्ताव इस पत्र के साथ संलग्न है।<br>Form A Part I की कंडिका M- 1 (C) में Letter of intent, जिला खनन कार्यालय द्वारा प्रेषित ज्ञापांक 13 दिनांक 04.01.2016 की प्रति लगाई गई है, जो इस पत्र के साथ संलग्न है। |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | वन संरक्षक, हजारीबाग प्रादेशिक अंचल के स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के आलोक में प्रस्तावित वनभूमि के उत्तर में अवस्थित Water body के लिए सेफ्टीजोन 15 मीटर करते हुए component wise break up में सुधार आवश्यक होगा। | पृच्छा के अनुपालनार्थ प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा सूचित किया गया है कि प्रस्तावित करमा स्टोन माईनिंग क्षेत्र के पूर्वी बाउण्ड्री पर Water body अवस्थित है। जिसका सत्यापन समर्पित DGPS Survey Report से अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया एवं सही पाया।<br>प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा करमा स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट हेतु प्रस्तावित वनभूमि के पूर्वी भाग पर अवस्थित Water body के लिए 15 मीटर का सेफ्टीजोन क्षेत्र छोड़ कर component wise break up में सुधार किया गया है जिसके तहत माईनिंग क्षेत्र 12.34 हे0 से घट कर 12.14 हे0 हो गया है तथा सेफटीजोन क्षेत्र 1.60 हे0 से बढ कर 1.80 हे0 हो गया है। इस संबंध में संशोधित प्रस्ताव यथा माईनिंग प्लान , सेफटीजोन प्लान एवं Form A Part-I में आवश्यक सुधार कर समर्पित किया गया है जो इस पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है। |
| (ग) | क्या यह site specific project है ? | पृच्छा के अनुपालनार्थ प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निम्नवत सूचित किया गया है :–<br>1. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान समर्पित किया गया है जिसके साथ संलग्न Conceptual Mine planning स्पष्ट करता है कि विषयगत प्रस्ताव site specific है।<br>2. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा सूचित किया गया है कि वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल के स्थलिय निरीक्षण प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि प्रस्तावित क्षेत्र में पत्थर खनन हेतु उपलब्ध है।<br>3. प्रस्तावित क्षेत्र के 10 कि0मी0 की परिधि में वन्य प्राणी आश्रयणी / राष्ट्रीय उद्यान नहीं पडता है।<br>4. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा सूचित किया गया है कि आवेदित क्षेत्र के आस–पास रैयती भूमि पर खनन पट्टा जिला खनन पदाधिकारी , हजारीबाग द्वारा दिया गया है |

| | | |
|---|---|---|
| | | जिससे भी स्पष्ट होता है कि आवेदित क्षेत्र स्थल विशिष्ट है। |

अतः प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन की आठ–आठ प्रतियॉ यथा संशोधित प्रस्ताव इस पत्र के साथ अत्र–सह–संलग्न कर यथोचित कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

आपका विश्वासी,

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक :– दिनांक :–

प्रतिलिपि– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक :– 4604 दिनांक :– 14/9/17

प्रतिलिपि– श्री रामचन्द्र मेहता, मेसर्स रामचन्द्र मेहता, कैप्टन आनन्द अर्पणा देवी, ग्राम –बिगहा, पो0–फुलबेरिया, थाना– नवलसराई, जिला– कोडरमा, झारखण्ड, पिन– 825418 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/9/17

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल
13/9/17